दैनिक भास्कर
सोमवार, 09 मार्च 2020 नोएडा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट के लोगों की लाइफलाइन बनेगी मेट्रो परियोजना

8 अप्रैल से शुरू होगा सेक्टर 71 नोएडा-नॉलेज पार्क 5 मेट्रो का काम

भास्कर न्यूज

नोएडा। प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालक अधिकारी और नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) की प्रबंध निदेशक रितु माहेश्वरी ने कहा कि सेक्टर 71 नोएडा से नॉलेज पार्क 5 ग्रेटर नोएडा मेट्रो की परियोजना पर 8 अप्रैल से काम शुरू हो जाएगा। इसके बाद नोएडा सेक्टर 142 से बोटेनिकल गार्डेन मेट्रो स्टेशन की परियोजना पर कागजी कार्यवाही का काम शुरू होगा। नॉलेज पार्क 5 मेट्रो ग्रेटर नोएडा वेस्ट के लोगों के लिए लाइफलाइन साबित होगी। यहां के लोग दिल्ली एनसीआर से जुड़ जाएंगे। यात्री नोएडा सेक्टर 51 मेट्रो स्टेशन पर उतरकर नोएडा सेक्टर 52 मेट्रो स्टेशन से गुजर रही ब्लू लाइन मेट्रो की सवारी कर सकेंगे।

वह रविवार को एक्वा लाइन मेट्रो के सेक्टर 76 और ग्रेटर नोएडा के परी चौक पिंक मेट्रो स्टेशन का शुभारंभ कर रहीं थीं। उन्होंने कहा कि इन स्टेशनों पर महिलाओं को मुफ्त सैनिटरी पैड मिलेंगे। इन मशीनों को MASS NGO ने अपने अभियान निर्मल्य - एक कोमल पहल के तहत एसीई ग्रुप (रियल एस्टेट डेवलपमेंट फर्म) के सहयोग द्वारा स्थापित किया है। पिंक स्टेशनों पर पूरा स्टाफ महिलाओं का है। एक्वा लाइन के सभी 21 मेट्रो स्टेशनों पर सैनिटरी पैड्स के लिए वेंडिंग मशीनें लगेंगी। यहां से महिलाएं मुफ्त सैनिटरी पैड प्राप्त कर सकेंगी। प्रबंध निदेशक रितु माहेश्वरी ने कहा कि यह एक छोटी सी पहल है। जो महिलाएं बच्चों के साथ सफर करती हैं उनके लिए यह सुविधा उपयोगी साबित होगी। एनएमआरसी में 25 से 30 प्रतिशत महिलाओं का स्टाफ है। उन्होंने कहा कि एक साल पहले नोएडा-ग्रेटर नोएडा मेट्रो का सफर शुरू हुआ था। इसमें रोजाना 26 हजार लोग सफर कर रहे हैं। महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। एनएमआरसी महिलाओं को सुविधा और सुरक्षा देने में तत्पर रहेगी। मुख्य अतिथि राजीव गौबा (कैबिनेट सचिव, भारत सरकार) की पत्नी श्रीमती पम्मी गौबा ने कहा कि महिलाओं के लिए पिंक मेट्रो स्टेशन की परिकल्पना सराहनीय है। इससे महिलाओं का सफर सुरक्षित होगा और आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। समारोह में आलोक टंडन (अवस्थपना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त) नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना प्राधिकरण के अध्यक्ष की पत्नी श्रीमती रीना टंडन की उपस्थिति विशिष्ट अतिथि के रूप में उल्लेखनीय रही। प्रबंध निदेशक रितु माहेश्वरी और कार्यकारी निदेशक प्रवीण मिश्र ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिन्ह और फूलों का गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन एनएमआरसी की उप महाप्रबंधक कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस श्रीमती संध्या शर्मा ने किया। समारोह में प्रबंध निदेशक के विशेष कार्याधिकारी वीपीएस कौमर, सहायक प्रबंधक कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस प्रणव रस्तोगी समेत एनएमआरसी के कई गणमान्य अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद थे।



पिंक मेट्रो स्टेशन का शुभारम्भ करतीं मुख्य अतिथि पम्मी गौबा।

बेबी फीडिंग रूम, बेबी डायपर चेंजिंग रूम का रिबन काटतीं एमडी रितु माहेश्वरी।

पिंक स्टेशनों पर महिलाओं के लिए सुविधाएं शुरू

नोएडा सेक्टर 76 और परी चौक ग्रेटर नोएडा पिंक मेट्रो स्टेशनों पर बेबी फीडिंग रूम, बेबी डायपर चेंजिंग रूम, मेक अप व चेंजिंग रूम और सेल्फी प्वाइंट महिला यात्रियों के सफर को आसान बनाएगा। उन्हें उनके बच्चे की देखभाल की जिम्मेदारियों के अलावा उनकी दैनिक व्यावसायिक व्यक्तिगत गतिविधियों का प्रबंधन करने में भी यह सुविधा सशक्त बनाएगी। ये सभी सुविधाएं सभी महिला यात्रियों के लिए पूरी तरह से मुफ्त में उपलब्ध हैं।

मुख्य अतिथि पम्मी गौबा को सम्मानित करतीं एमडी रितु माहेश्वरी।

सात महिला कर्मियों को एमडी ने किया पुरस्कृत

प्रबंध निदेशक रितु माहेश्वरी ने एनएमआरसी की 7 कर्मठ महिला कर्मियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सेक्टर 143 मेट्रो स्टेशन की स्टेशन कंट्रोलर अनुप्रिया सेन को बेस्ट फीमेल स्टेशन कंट्रोलर, ट्रेन ऑपरेटर निशा को बेस्ट फीमेल ट्रेन ऑपरेटर, जेई सिगनल आकांक्षा श्रीवास्तव को बेस्ट फीमेल सिगनल सुपरवाइजर, जेई रोलिंग स्टाक मधुलिका कुमारी को बेस्ट फीमेल रोलिंग स्टाक सुपरवाइजर, मेनटेनर भावना अहिरवार को बेस्ट फीमेल इलेक्ट्रिकल मेंटेनर, ट्रैक मेंटेनर कुसुम देवी को बेस्ट फीमेल ट्रैक मेंटेनर और जेई सिविल नेहा राय को बेस्ट फीमेल सिविल ट्रैक सुपरवाइजर की श्रेणी में पुरस्कृत किया गया।